SRG HOUSING FINANCE LIMITED™

info@srghousing.com

www.srghousing.com

**Date: October 29, 2024**

**To,**

**National Stock Exchange of India Ltd**
**Exchange Plaza, C-1, Block G,**
**Bandra Kurla Complex,**
**Mumbai-400051**
**Scrip Code -SRGHFL**

**BSE Limited**
**1st floor, P.J Towers,**
**Dalal Street,**
**Mumbai-400001**
**Scrip Code-534680**

**Dear Sir / Madam,**

**Subject – Copies of Newspaper Clippings containing Un-audited Financial Results for The Quarter and half year ended September 30, 2024**

Pursuant to the captioned subject, we are enclosing herewith copies of newspaper clipping containing Unaudited Financial Results for the Quarter and half year Ended September 30, 2024 Published on October 29, 2024 in financial Express –Delhi Edition (English) and Nafa Nuskan (Hindi).

This is for your information and record

Thanking You

With Regards

**For SRG Housing Finance Limited**

Divya Kothari
Digitally signed by Divya Kothari
Date: 2024.10.29 21:37:05 +05'30'

**Divya Kothari**
**Company Secretary**
**M No: A57307**

**Enclosed:-a/a**

संपादकीय

# त्योहारी मौसम : इलेक्ट्रोनिक्स, हाउसिंग, ऑटोमोबाइल, पर्यटन में चमक बढ़ी

कुशाग्र

**नया** त्योहारी मौसम जिसकी शुरूआत और गतिशीलता नवरात्रा, दशहरा, दिवाली के आगे क्रिसमस तक देखने को मिलेगी। इस बार अनेक अप्रत्याशित परिणाम देश के व्यापार व उद्योग जगत के लिए दे सकता है। हाल ही में एक रिपोर्ट के अनुसार देश के ऑनलाइन मार्केट प्लेस ने एक सप्ताह के दौरान अर्थात केवल नवरात्र के दौरान ही 6.5 बि. डॉलर अर्थात 55000 करोड़ रुपए की बिक्री अर्जित की है। अर्थात यह बिक्री गत वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 26 प्रतिशत अधिक है। इसमें मोबाइल फोन, इलेक्ट्रोनिक्स, उपभोक्ता ड्यूरेबल्स, पारिवारिक मर्चेंडाइज की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रही है। यह आंकड़े उत्कृष्ट कहे जा सकते हैं। पूर्व में एक एजेंसी की सूचना में कहा गया था कि ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ जो ब्रांड की बिक्री में संलग्न है, उनकी बिक्री वर्तमान त्योहारी मौसम के दौरान 12 बि. डॉलर के स्तर को छू सकती है जो गत वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 23 प्रतिशत अधिक होगी। गत वर्ष यही बिक्री 9.7 बि. डॉलर की हुई थी अभी तो शुरूआत हुई है। यह आंकड़ा दिवाली, क्रिसमस तक बहुत आगे बढ़ सकता है। यह सब कुछ देश की मजबूत आर्थिक स्थिति मजबूत आय के साथ आम नागरिकों की क्रय शक्ति में व्यापक सुधार का ही परिणाम है और इसके परिणाम केवल ई-कॉमर्स तक सीमित रहने वाले नहीं हैं। व्यवसाय सेवा के प्रत्येक क्षेत्र में व्यापक गतिशीलता देखने को मिल रही है। पर्यटन, हाउसिंग, ऑटोमोबाइल के आंकड़े नया रिकॉर्ड बना सकते हैं। भारत को लेकर यह मान्यता बन गई है कि भारत एक स्थिर गतिशील लोकतांत्रिक देश है, जहां निवेश प्रोत्साहन के लिए सरकार के स्तर पर हरसंभव प्रयास किया जा रहा है और यही कारण है कि विश्व के निवेशक कुशल व्यवसाय क्षेत्र की कंपनियां भी भारत में नई संभावना देख रही है। इसी त्योहारी मौसम का ही परिणाम है कि यात्रा करने वाले नागरिक भी बहुत उत्साहित नजर आते हैं। पर्यटन यात्रा पर खर्च में 15 से 20 प्रतिशत वृद्धि की योजना स्पष्ट नजर आ रही है।

अत्यधिक लोकप्रिय पर्यटन केन्द्रों के लिए हवाई यात्रा की बुकिंग में 60 प्रतिशत तक वृद्धि देखने को मिल रही है। अनेक क्षेत्रों में तो होटल पूरी तरह बुक किए जा चुके हैं। थाईलैंड, जोर्जिया जैसे देशों को जाने वाले भारतीयों की बुकिंग में 70-80 प्रतिशत वृद्धि देखने को मिल रही है। ऐसा लगता है कि यात्रा आज की आवश्यकता बन गई है। वर्तमान त्योहारी मौसम के दौरान अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केन्द्रों के साथ भारतीय पर्यटन केन्द्रों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। एक पर्यटन कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार आम पर्यटक अपने पर्यटन खर्च में 15 प्रतिशत तक वृद्धि की योजना के साथ निर्णय ले रहा है। इसके साथ ही गत वर्ष के मुकाबले इस बार पर्यटक अधिक समय तक पर्यटन केन्द्र पर ठहरने की योजना भी बना रहे हैं। यह तीन दिवसीय यात्रा से बदल कर 6-15 दिन की यात्रा में परिवर्तित हो रहा है। इस समय हवाई यात्रा खर्च भी बहुत बढ़ गया है। विशेष क्षेत्रों के संदर्भ में तो किराया 25 प्रतिशत तक बढ़ गया है। इस त्योहारी मौसम के दौरान पर्यटन व यात्रा की मांग विशेष रूप से टीयर ॥ शहरों में अधिक देखने को मिल रही है।

लखनऊ, जयपुर, बनारस, देहरादून जैसे शहरों से संबंधित हवाई यात्रा बुकिंग में 60 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि बेंगलुरु-लखनऊ, बेंगलुरु से जयपुर, दिल्ली से बनारस की बुकिंग में 20-25 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है। जबकि इन यात्रा क्षेत्रों के हवाई यात्रा खर्च में 20 प्रतिशत तक कमी आई है। वर्ष के दौरान तेल के मूल्य में 15 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है और इसी का परिणाम है कि किराए में भी कमी आई है और इससे यात्रा को प्रोत्साहन मिल रहा है। बेंगलुरु-अमृतसर के लिए हवाई यात्रा बुकिंग में 2 गुणा तक वृद्धि दर्ज की गई है। देश के त्योहारी मौसम में सर्वाधिक पसंदीदा पर्यटन केन्द्रों के रूप में कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, अंडमान पर्यटन केन्द्रों के रूप में कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, अंडमान, केरल, राजस्थान, गोवा, उत्तर-पूर्व को सर्वाधिक प्राथमिकता मिल रही है। इसके अलावा श्रीलंका-भूटान भी आकर्षण का केन्द्र बने हैं।

वर्तमान त्योहारी मौसम पर्यटन, व्यापार, हाउसिंग, ऑटोमोबाइल के साथ-साथ रत्न आभूषण क्षेत्र में भी व्यापक मांग देखने को मिल रही है। स्मार्टफोन की मांग व बिक्री बहुत तेजी से बढ़ी है, तो घरेलू स्तर पर इनफोंस का उत्पादन भी तेजी से बड़ा है। भारत शुद्ध निर्यातक बन गया है, अब 99 प्रतिशत मोबाइल फोन का भारत में घरेलू स्तर पर ही उत्पादन किया जा रहा है। स्मार्टफोंस के उत्पादन में आत्मनिर्भरता के साथ ही भारत सरकार विभिन्न पीएलआई योजनाओं के माध्यम से घरेलू स्तर पर 500 बि. डॉलर के इलेक्ट्रोनिक उत्पादों के उत्पादन का लक्ष्य तय किया है और शीघ्र ही भारत विश्व स्तर पर सर्वाधिक कम लागत पर इलेक्ट्रोनिक उत्पादों का उत्पादक देश बन सकता है। इसी दिशा में सरकार के प्रयास जारी है। भारत का स्मार्टफोन बाजार का आकार बढ़कर 35 बि. डॉलर हो गया है। इसमें आयतित स्मार्टफोन की हिस्सेदारी केवल 1.4 बि. डॉलर है। देश में स्मार्टफोन की बिक्री बढ़कर 38 बि. डॉलर हो गई है। यात्रा की दृष्टि से आयात की हिस्सेदारी घटकर एक प्रतिशत ही रह गई है।

भारत के पर्यटन उद्योग को देशी-विदेशी दोनों ही क्षेत्र के पर्यटकों का पूरा सहयोग मिल रहा है। वर्ष 2023-24 में भारत में 10.1 मि. विदेशी पर्यटक आए हैं जो गत वर्ष की 9.2 मि. संख्या से अधिक है तथा वर्ष 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 12 मि. के स्तर को छू सकती है। अधिकांश एशिया, प्रशांत क्षेत्र की तुलना में विदेशी पर्यटक भारत को प्राथमिकता दे रहे हैं। पड़ोसी चीन व थाईलैंड को तो आज भी वर्ष 2019 के आंकड़े तक पहुचंने में कठिनाई हो रही है जो कोविड पूर्व में सर्वाधिक आकर्षित कर रहे थे, लेकिन भारत ने वर्ष 2023 में ही कोविड पूर्व की 95 प्रतिशत स्थिति अर्जित कर ली थी। भारत आने वाले 52 प्रतिशत पर्यटक केवल भारत की यात्रा पर ही आ रहे हैं, जबकि 22 प्रतिशत अन्य एशियाई देशों की भी यात्रा करते हैं। ब्रिटेन, अमेरिका, जर्मनी, संयुक्त अरब अमिरात के सर्वाधिक पर्यटक भारत यात्रा पर आ रहे हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, हांगकांग, इटली, हालैंड के पर्यटकों का भी भारत की ओर रुझान बड़ा है। 50 प्रतिशत पर्यटकों की रुचि भारत में दुबारा आने के संदर्भ में देखी जा सकती है।

विश्व बैंक ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत वर्ष 2024-25 के दौरान 7 प्रतिशत विकास दर अर्जित करेगा, रिजर्व बैंक 7.3 प्रतिशत विकास दर का संकेत दे चुका है। आकर्षक कृषि उत्पादन के साथ ग्रामीण क्षेत्र में क्रय शक्ति तेजी से बढ़ी है और इसका असर व्यवसाय पर्यटन, ऑटोमोबाइल, हाउसिंग उद्योग पर स्पष्ट देखा जा सकता है। देश के प्रमुख शहरों में हाउसिंग की मांग बढ़ने के साथ बिक्री तेजी से बढ़ी है और इसी का परिणाम है कि सूचीबद्ध डवलपर कंपनियों का ऋण दायित्व प्रथम तिमाही के अंत में घटकर 208.8 करोड़ रुपए ही रह गया है जो गत वर्ष 44817 करोड़ रुपए के स्तर पर था। अर्थात मांग के साथ बिक्री भी तेजी से बढ़ी है, इससे अनसोल्ड स्टॉक घटा है।

# शैक्षणिक उपयोग के लिए चरागाह भूमि का कलेक्टर द्वारा आवंटन न्यायोचित, अपील खारिज



**राजस्थान** उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विरेंद्र सिंह सिराधना के समक्ष एक याचिका राजस्थान पंचायत राज कानून 1994 की धारा 8A, 8E के अंतर्गत औद्योगिक व शैक्षणिक उपयोग के लिए भूमि के आवंटन को लेकर प्रेम सिंह बनाम राजस्थान सरकार संबधित प्रकरण में दायर की गई।

इस प्रकरण का संक्षिप्त विवरण यह है कि सीकर के जिला कलेक्टर ने एक आदेश द्वारा 6 हैक्टेयर भूमि का आवंटन प्रतिवादी संख्या 5 अन्नपूर्णा मेडिकल ट्रेनिंग संस्थान जयपुर रोड सीकर के पक्ष में किया गया। अपीलेंट का कहना है कि उपरोक्त भूमि खसरा संख्या 231 का हिस्सा है जो 16.29 हैक्टेयर का है, यह एक चरागाह भूमि है। उनका कहना है कि क्षेत्र में पहले से ही चरागाह भूमि की पशुओं के लिए कमी है। राज्य सरकार के समक्ष एक आवेदन भी किया गया है कि इसी के पास की 2.18 हैक्टेयर भूमि को भी चरागाह घोषित किया जाना चाहिए। कलेक्टर द्वारा किए गए इस आवंटन के विरुद्ध राजस्थान पंचायत राज कानून 1994 तथा रुल्स 1996 के अंतर्गत यह विरोध दर्ज किया गया।

अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि धारा 8A तथा 8E के अंतर्गत ग्राम सभा के गठन का प्रावधान किया गया है और ग्राम सभा की प्रति वर्ष 2 बैठकें होनी चाहिए। इस प्रकरण में इस प्रक्रिया की पालना नहीं की गई है।

अधिवक्ता ने कहा कि प्रतिवादी के राजनैतिक प्रभाव व दबाव के कारण ही उपरोक्त चरागाह भूमि का आवंटन कर दिया गया है। अत: 12 जून 2007 के इस आदेश को निरस्त किया जाना चाहिए तथा संविधान की आर्टिकल 51 A (G) तथा A के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान दे, वनीय भूमि की रक्षा की जाए नदी झील व वन्य जीवों की रक्षा की जाए, तहसीलदार की रिपोर्ट दिनांक 17 नवंबर 2006 के संदर्भ में उन्होने कहा कि गांव में एसी कोई भूमि नहीं है, जिसको चरागाह में परिवर्तित किया जा सकता है।

जिला कलेक्टर की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि तहसीलदार की रिपोर्ट के आधार पर ही जिला कलेक्टर इस भूमि के आवंटन का निर्णय लिया है। इस प्रस्ताव का सब डिविजनल अधिकारी दांतारामगढ़ ने भी अपने पत्र दिनांक 23 नवंबर 2006 के द्वारा समर्थन किया है तथा उनके द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र भी जारी किया गया है ताकि 6 हैक्टेयर भूमि का आवंटन शिक्षा के उद्देश्य से किया जा सके।

न्यायालय ने दोनों पक्षों के पक्ष व दस्तावेजी प्रमाणों के अध्ययन के साथ कहा कि इसमें कोई विवाद नहीं है कि प्रतिवादी संख्या 5 को 6 हैक्टेयर भूमि का आवंटन शैक्षिणिक उपयोग के लिए किया गया है जो चरागाह भूमि है। कुल भूमि 16.29 हैक्टेयर है जो रुल्स 1963 के अंतर्गत चरागाह भूमि है। यह भूमि 30 वर्ष की लीज पर आवंटित की गई है ताकि उस पर शैक्षणिक संस्थान का निर्माण हो सके।

उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थान की आवश्यकता को लेकर कोई अतिरिक्त वक्तव्य की आवश्यकता नहीं है। शिक्षा एक महत्वपूर्ण हथियार मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए है, ऐसा तो नेल्सन मंडेला ने भी कहा है।

न्यायालय ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों का भी हवाला देते हुए कहा कि ओल्गा टेलीस संबधित प्रकरण वर्तमान प्रकरण पर लागू नहीं होता है।

इसी न्यायालय की डिविजन बेंच ने प्रेम सिंह शेखावत बनाम राजस्थान सरकार डीवी सिविल पिटिशन संख्या 16551 वर्ष 2017 में हस्तक्षेप से इनकार किया था, जिसका आवंटन इसी खसरे से किया गया था और यह आवंटन शिक्षा के लिए ही किया गया था।

इस प्रकरण को सिंगल जज के समक्ष उठाया गया था, उन्होंने पिटिश्नर को पिटिशन को वापस लेने की अनुमति दी थी और जनहित में याचिका दायर करने की अनुमति दी थी। अपीलेंट का कहना है कि गांव की आबादी 2500 है तथा जानवरों की संख्या 2456 है, जबकि भूमि की उपलब्धता केवल 86 बीघा है। पिटिश्नर ने सर्वोच्च न्यायालय के एक आदेश का जिक्र करते हुए कहा है (2011) (11) SCC 396 जसपाल सिंह व अन्य बनाम पंजाब सरकार व अन्य संबंधित प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार के आदेश को निरस्त कर दिया था। यह निर्णय ग्राम सभा द्वारा किसी निजी व्यवसायिक उद्देश्य से किए गए आवंटन संबंधित प्रकरण से संबंधित था।

देश में शिक्षा के अधिकार कानून पारित किए जाने के साथ देश में शिक्षण संस्थाओं की आवश्यकता महसूस की जा सकती है। इस प्रकरण में केवल 16 बीघा भूमि का आवंटन किया गया है और यह आवंटन शिक्षा के प्रसार के लिए किया गया है।

न्यायालय ने कहा कि न्यायालय का मानना है कि अपील में जो कारण बताए गए हैं, उनका अपना महत्व है, लेकिन भूमि का आवंटन शिक्षा के लिए किया गया है। अत: न्यायालय इस प्रकरण में हस्तक्षेप आवश्यक नहीं समझता है। इस भूमि का आवंटन शिक्षा के प्रसार के लिए किया गया है, यह अनावश्यक है, उसका अपना महत्व है। ऐसे हालात में न्यायालय इस प्रकरण में किसी प्रकार का हस्तक्षेप आवश्यक नहीं समझता है। कलेक्टर द्वारा जो आवंटन प्रतिवादी संख्या 5 के पक्ष में किया गया है। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर अपील को खारिज किए जाने का आदेश दिया गया।

## सूचना

इस पृष्ठ पर प्रकाशित सभी न्याय निर्णय मूल निर्णयों की नकल नहीं हैं। यह निर्णय मूल निर्णय को पढ़कर पाठकों के हित में प्रकाशित किये गये हैं। आवश्यकता पड़ने पर मूल निर्णय को अवश्य देखें। -संपादक



## समय की मांग

*ऋषि दधीची अरु कर्ण का, भारत देश महान्।*
*देवें इनके नाम पर, शीघ्र रक्त का दान।।*
साभार :- शारदा-नवल डागा

## आज का विचार

कानून निर्धनों पर शासन करता है, धनी कानून पर शासन करते हैं। - अज्ञात

नफा नुकसान

स्वत्वाधिकारी कुशाग्र पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए मुद्रक व प्रकाशक जितेन्द्र कोठारी द्वारा 52-53, कल्याण कॉलोनी, मालवीया नगर, जयपुर-17 ( रजि. ऑफिस ) एवं 204, गौरव टॉवर मालवीया नगर, जयपुर-17 ( कार्यालय ) से प्रकाशित एवं कुशाग्र पब्लिकेशन्स प्रा. लिमिटेड, एसपीएल-4( ए ), सीतापुरा इण्डस्ट्रियल एरिया, जयपुर से मुद्रित।

सम्पादक: वैभव कोठारी
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)

फोन: 0141-4011152
0141-3518087
ई-मेल : info@nafanuksan.com


डिसक्लेमर

नफा नुकसान में प्रकाशित हर प्रकार के कंटेंट के जरिए पाठको को कारोबारी जगत में हो रहे घटनाक्रमों की जानकारी, विश्लेषण, सूचनाएं आदि देने का प्रयास रहता है। इनमें से कई बार ऐसे से कंटेंट का प्रकाशन भी हो सकता है जो नफा नुकसान के पास उपलब्ध जानकारियों से मेल नहीं खाता हो व अलग हो। इसलिए नफा नुकसान में प्रकाशित कंटेंट के आधार पर अगर कोई कैसा भी निर्णय करता है तो उसकी जिम्मेदारी नफा नुकसान नहीं लेता है। पाठक स्वयं अपने विवेक से ही निर्णय करें ऐसी अपेक्षा की जाती है। नफा नुकसान में जिन विज्ञापनों का प्रकाशन किया जाता है उनके बारे में यह स्पष्ट किया जाता है कि नफा नुकसान का किसी भी विज्ञापनदाता से विज्ञापन के अलावा अन्य कोई सारोकार नहीं है और न ही विज्ञापनों में दर्शाई सामग्री का कोई समर्थन नफा नुकसान द्वारा किया जाता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण व दावे के लिए विज्ञापनदाता ही जिम्मेदार होगा। नफा नुकसान में प्रकाशित कंटेंट लेखकों, न्यूज एजेंसी व संपादकीय विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं जिनपर पूरी तरह से नफा नुकसान का सर्वाधिकार है। नफा नुकसान में प्रकाशित किसी भी तरह के कंटेंट का किसी भी व्यक्ति, संस्थान या अन्य द्वारा बिना नफा नुकसान की लिखित अनुमति के प्रकाशन व प्रसारण किया जाना गैर-कानूनी होगा।

# AI हृदय रोग उपचार में ला सकता है क्रांति

नई दिल्ली/आईएएनएस

विशेषज्ञों का दावा है कि समय पर पहचान और व्यक्तिगत उपचार के साथ, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) भारत में हृदय रोगों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत में हृदय रोगियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जो चिंता का सबब है। यह देश में मृत्यु का प्रमुख कारण भी है। मैक्स हेल्थकेयर में कार्डियोलॉजी विभाग के चेयरमैन बलबीर सिंह ने कहा कि एआई हृदय संबंधी किसी गड़बड़ी की भविष्यवाणी कर सकता है और इस तरह रोगियों की बड़ी मदद कर सकता है। यह आवाज और आंखों में होने वाले बदलावों को भी आसानी से पहचान सकता है, जो कोई अन्य तरीका या उपकरण नहीं कर सकता।



हृदय रोग का पहले पता लगाने, उपचार योजनाओं को व्यक्तिगत बनाने और रोगी के परिणामों में सुधार करके कार्डियोलॉजी में क्रांति लाने की क्षमता है। बड़ी मात्रा में डेटा का त्वरित और सटीक विश्लेषण करने की क्षमता के साथ, एआई चिकित्सकों को अधिक सूचित निर्णय लेने में सहायता कर सकता है, जिससे अधिक प्रभावी और समय पर इलाज संभव हो सकता है। इसके अलावा, कार्डियोलॉजी विशेषज्ञों ने उल्लेख किया कि एआई भारत में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को महत्वपूर्ण रूप से लाभान्वित कर सकता है क्योंकि देश में बड़ी ग्रामीण आबादी है। मेयो क्लिनिक के मेडिसिन के प्रोफेसर और कार्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष पॉल ए. फ्राइडमैन ने कहा कि एआई भारत में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए फायदेमंद हो सकता है, बड़ी ग्रामीण या दूरदराज की आबादी तक बेहतर इलाज मुहैया करा सकता है।

चिकित्सा में एआई के तीन मुख्य कार्य हैं - यह ईसीजी या अन्य चिकित्सा निदान परीक्षणों को तेजी से पढ़ने में मदद कर सकता है और रोग की पहचान कर सकता है। यह पता लगा सकता है कि किस शख्स को अधिक उन्नत देखभाल की आवश्यकता है और भविष्य में होने वाली बीमारी की भविष्यवाणी कर सकता है। गत कुछ दशकों में भारत में स्वास्थ्य सेवा का आश्चर्यजनक रूप से विस्तार हुआ है और विशेष रूप से महामारी के बाद से, विकास तेजी से हुआ है।

# ओपन फॉर स्माइल ऑलवेज संस्था ने आयोजित किया 10वां वार्षिक कार्यक्रम



**जयपुर/ का.सं.।** ओपन फॉर स्माइल ऑलवेज संस्थान ने दसवां वार्षिक कार्यक्रम 'उम्मीद 24' आयोजित किया। संस्था के प्रेसीडेंट अर्जुन श्रीवास्तव एवं संरक्षक डॉ.पीएम भारद्वाज ने बताया कि प्रोग्राम में बड़ी संख्या में युवा एवं राज्य की प्रमुख हस्तियों ने हिस्सा लिया। प्रोग्राम के चीफ गेस्ट मेजर जनरल हरविंदर सिंह बांद्रा थे। प्रोग्राम में ज्योति माहेश्वरी, सुरेश पोद्दार एमडी मयूर यूनिकोटर, मेजर जनरल आरएस. गोदारा, डॉ.श्याम सुंदर अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रो.एचएन वर्मा, चांसलर जेएनयू, प्रो.आरएल रैना वाइस चांसलर जेएनयू, डॉ.अश्विनी शर्मा पूर्व कुलपति सिम्बायोसिस स्किल यूनिवर्सिटी, गोमाया एमडी सीतारात गुप्ता आदि उपस्थित थे। संरक्षक डॉ.पीएम भारद्वाज ने संस्थान के प्रेसीडेंट द्वारा किये जा रहे युवा सशक्तिकरण एवं शिक्षा का समान अधिकारी के कार्यों की प्रशंसा की।

# कोचिंग रेगुलेटरी एक्ट को सख्ती के साथ किया जाए लागू



**कोटा/नि.सं.।** कोचिंग की आढ़ में चल रहे अवैधानिक स्कूल्स के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही के लिए सरकार एवं शिक्षा विभाग को जागरूक करने के लिए प्राइवेट स्कूल्स द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ शिक्षा क्रांति मिशन को अब पूरे राज्य में व्यापक रूप से चलाया जाएगा। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश गुप्ता ने बताया कि राजस्थान में प्रस्तावित कोचिंग रेगुलेटरी एक्ट को केंद्रीय सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के मुताबिक तुरंत प्रभाव से पूर्ण सख्ती से लागू करवाए जाने के लिए सरकार पर पुरजोर दबाव बनाया जाएगा। गुप्ता के अनुसार केंद्र सरकार ने 11 बिंदुओं की कोचिंग गाइडलाइन बनाई हैं। इस गाइडलाइन के मुताबिक 16 वर्ष या 10वीं कक्षा तक के स्टूडेंट्स को किसी भी तरह की कोचिंग में नहीं पढ़ाया जा सकेगा, लेकिन कोचिंग संस्थान कक्षा 6 से ही धड़ल्ले से चल रहे हैं।

# 'राम-राज्य में न्याय व्यवस्था'

**रामचरित मानस** में तुलसीदासजी ने प्रजा को राम भक्ति में रत बताया है-

*राम भगति रत नर अरू नारी।*
*सकल परमगति के अधिकारी।।*

ज्ञातव्य है कि रामराज्य की उपरोक्त वर्णित अनेक विशेषताएं थी, जिनमें एक अत्यंत महत्वपूर्ण महिमा यह भी थी कि रामराज्य में जीने का अधिकार तथा सुरक्षा एवं न्याय का अधिकार सभी को (यहां तक कि पशु-पक्षियों को भी)मिला हुआ था। राम राज्य में न केवल प्रजा को ही न्याय मिलता था, बल्कि पशु-पक्षियों को भी न्याय मिलता था। इस सम्बंध में वाल्मीकि रचित आनंद रामायण में निम्न दो प्रसंग आते हैं, जिनका सम्बंध जानवर और पक्षियों से है।

- क्रमशः

- पीसी वर्मा, पूर्व उपायुक्त, वाणिज्यिक कर,जयपुर

# 65% हैल्थ प्रोफेशनल सिक्योर तंबाकू विकल्पों के पक्ष में

**नई दिल्ली/आईएएनएस।** देश में तंबाकू की बढ़ती लत के बीच 10 में से चार घर धूम्रपान की लत से परेशान हैं। एक नई रिपोर्ट से पता चला है कि देश में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े 65 फीसदी पेशेवर जीवन बचाने के लिए तंबाकू के सुरक्षित और नए विकल्पों की मांग कर रहे हैं। साइजेन ग्लोबल इनसाइट्स एंड कंसल्टिंग के सहयोग से डॉक्टर्स अगेंस्ट एडिक्शन (डीएएडी) सर्वेक्षण की रिपोर्ट में स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव का पता चला है, जिसमें 65 प्रतिशत डॉक्टर धूम्रपान की लत छुड़ाने के प्रयासों में निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी और हीट-नॉट-बर्न उत्पादों जैसे सुरक्षित विकल्पों को एकीकृत करने का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने इन विकल्पों की प्रभावकारिता पर और अधिक शोध की आवश्यकता पर जोर दिया। यह रिपोर्ट तंबाकू की लत के खिलाफ भारत की चल रही लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जो सालाना 9,30,000 से अधिक मौतों का कारण बनती है। धूम्रपान से संबंधित बीमारियों के कारण प्रतिदिन 2,500 से अधिक लोगों की जान चली जाती है। पद्मश्री पुरस्कार विजेता और सर गंगा राम अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मोहसिन वली ने कहा कि तंबाकू की लत देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है। इससे निपटने के लिए हमें तंबाकू छोड़ने के लिए वैज्ञानिक रूप से स्वीकृत विकल्पों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## मंगलवार के चौघड़िए

सम्वत् 2081 कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वादशी
राहुकाल : अपराह्न 3:00 से 4:30 बजे तक
सूर्योदय: 6.39 बजे और सूर्यास्त : 5.43 बजे

| | |
|---|---|
| प्रात: 6.39 से 7.56 | रोग |
| 7.57 से 9.21 | उद्वेग |
| 9.22 से 10.46 | चर |
| 10.47 से 12.10 | लाभ |
| 12.11 से 1.35 | अमृत |
| 1.36 से 2.59 | काल |
| 3.00 से 4.24 | शुभ |
| 4.25 से सूर्यास्त 5.43 | रोग |
| रात्रि 5.44 से 7.25 | काल |
| 7.26 से 8.59 | लाभ |
| 9.00 से 10.35 | उद्वेग |

आचार्य सुबोध

सार्वजनिक सूचना

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाडा

कमांक/भूखण्ड प्रथम /2024/ Mut No-2595 दिनांक- 28-10-2024

एतद् द्वारा श्री भंवरलाल पुत्र श्री गोकल विश्नोई को न्यास की योजना पटेलनगर विस्तार में भूखण्ड संख्या 4-जेडजे-13 साईज 20X40=88.88 वर्गगज दिनांक 11.02.2020 को आवंटन / अवार्ड / निलामी द्वारा विक्रय किया गया है।

इस कार्यालय को प्रस्तुत विक्रय चैनल अनुसार श्री भंवरलाल पुत्र श्री गोकल विश्नोई ने श्रीमती अमिता भाटिया पत्नी श्री नवीन मंगवानी को विक्रय कर दिया गया एव श्रीमती अमिता भाटिया पत्नी श्री नवीन मंगवानी ने जरिये मुआम श्री टहलराम सिंधी पुत्र श्री गोविन्दराम सिंधी रजिस्टर्ड मुआम दिनांक 20.05.2024 से पजीयन है इनके द्वारा श्री राकेश कुमावत पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण कुमावत ने इनके उक्त भूखण्ड के नामातंरण/पंजियन बाबत आवेदन पत्र कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी उजरदारी मय सबूत/दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने आगामी कार्यवाही संपादित की जावेगी।
श्री राकेश कुमावत पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण कुमावत नि भीलवाडा।

(प्रभारी अधिकारी) नगर विकास न्यास, भीलवाडा

एसआरजी हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड
CIN NO: L65922RJ1999PLC015440
पंजीकृत कार्यालय: 321 एसएम लोढ़ा कॉम्पलेक्स, शास्त्रीसर्कल के पास, उदयपुर ( राजस्थान ) -313001
ई-मेल info@srghousing.com, टेलीफोन : 0294-2561882, WEBSITE: www.srghousing.com,
30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही के गैरअंकेक्षित वित्तिय परिणाम
(रूपये - लाखों में)

| विवरण | 30.09.2024 को समाप्त तिमाही | 30.09.2023 को समाप्त तिमाही | 30.09.2024 को समाप्त छह माही | 30.09.2023 को समाप्त छह माही | 31.03.2024 वार्षिक समाप्ति तक |
|---|---|---|---|---|---|
| | (गैरअंकेक्षित) | | | | (अंकेक्षित) |
| परिचालनों से कुल आय | 3,684.72 | 3,119.77 | 7,083.07 | 5,804.80 | 12,665.99 |
| अवधि में कर से पहले शुद्ध लाभ या हानि( असामान्य और/ या असाधारण वस्तुओंसेपहलेऔर बादमें ) | 833.18 | 687.91 | 1,521.09 | 1,179.47 | 2,609.83 |
| अवधि में शुद्ध लाभ या हानि कर की गणना के पश्चात्( असामान्य और/ या असाधारण वस्तुओं के बाद में ) | 660.25 | 526.37 | 1,245.99 | 965.71 | 2,105.88 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय | 702.12 | 540.10 | 1,289.15 | 979.44 | 2,110.29 |
| समता अंश पूंजी | 1,427.63 | 1,300.00 | 1,427.63 | 1,300.00 | 1,330.00 |
| आय प्रति शेयर ( प्रति 10 रू. ) | 4.87 | 4.05 | 9.19 | 7.43 | 16.18 |
| बुनियादी एवं मिश्रित | 4.62 | 3.90 | 8.73 | 7.15 | 15.60 |
| रिज़र्व पिछले वित्तीय वर्ष के तुलन पत्र के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व के अतिरिक्त | 14,636.83 | 12,026.21 | 14,636.83 | 12,026.21 | 14,636.83 |

टिप्पणी: अ ) उपरोक्त विवरण भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ( सूचीबद्धता एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं विनियम 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल की गई 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही ( गैरअंकेक्षित ) वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूपों का सार है। 30 सितंबर 2024 को समाप्त हुई तिमाही छहमाही ( गैरअंकेक्षित ) वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई की वेबसाईट www.bseindia.com, NSE www.nseindia.com और कम्पनी की वेबसाईट- www.srghousing.com पर उपलब्ध है।

एसआरजी हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरित/-
विनोद कुमार जैन
प्रबंध निदेशक ( DIN-00248843 )

स्थान :उदयपुर
दिनांक- 28.10.2024